माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2020

मोन्ट फोर्ट स्कूल, भोपाल में आज सुबह 11बजे से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों में पढ़ाई के बढ़ते तनाव को लेकर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से अलग –अलग विद्यालयों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। इसका सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों में पढ़ाई के बढ़ते तनाव को लेकर तथा माता – पिता की आकाक्षाओं की बलि चढ़ते बच्चों के भविष्य पर चिंता व्यक्त करते हुए हुआ। उन्होंने अभिभावकों से विद्‌यार्थियों पर पढ़ाई का बोझ न डालने की अपील की।

तत्पश्चात् माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न विद्यालयों के विद्याथियों द्वारा अपनी समस्या को निराकरण हेतु प्रश्न पूछे जिनका उत्तर उन्होंने बड़े ही सूझ–बूझ व सुलझे हुए ढ़ग से दिया। प्रधानमंत्री जी ने सभी विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ –साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद , कला आदि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि परीक्षा में प्राप्त अंक ही सब कुछ नहीं होते । एक क्षेत्र के असफल हो जाने के पश्चात् भी अन्य क्षेत्रों में मार्ग खुले रहते है। साथ ही उन्होंने बताया कि नई तकनीकों का प्रयोग अवश्य करे लेकिन आवश्यकतानुसार । उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की थी कि वे अपने पूरे दिन में कम से कम 10 मिनट अपने घर के बुजुर्गो के साथ अवश्य बिताएँ तथा उनके जीवन के अनुभव सुने । ये किसी भी नई तकनीक से अधिक लाभदायक हागा।

माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों से सभी विद्यार्थी अत्यंत प्रभावित हुए।

इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के, कक्षा नवमीं की शिक्षिकाएँ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।